**NEWS CLIPPING:29.09.2023**

# PUNJAB KESARI

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

फरीदाबाद, 27 सितम्बर (सूरजमल): स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा स्थानीय सर्वोदय अस्पताल, फरीदाबाद के सहयोग से आज निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।



*स्वास्थ्य शिविर के दौरान चिकित्सा जांच करवाते हुए शिक्षक।*

इस अवसर पर सर्वोदय अस्पताल के चिकित्सकों की एक टीम जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ दीपक उपाध्याय तथा सामान्य चिकित्सा डॉ सपना शामिल रहे, द्वारा कुशल पैरामेडिकल स्टाफ के सहयोग से शिविर का संचालन किया। कुलपति प्रो एस. के. तोमर ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम को चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए ब्लड प्रेशर चेक-अप, ब्लड शुगर चेक-अप और ईसीजी की जांच निःशुल्क की गई। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 150 से अधिक विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया तथा लाभ उठाया।

**NEWS CLIPPING:29.09.2023**

# PUNJAB KESARI

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के एनएसएस वालंटियर नीतीश चैरसिया को मिला राज्य स्तरीय सम्मान

फरीदाबाद, 27 सितम्बर (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के एनएसएस वालंटियर नीतीश चैरसिया को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा पुरस्कार 2020-21 से सम्मानित किया गया है हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2020-21 एवं 2021- 22 के लिए घोषित एनएसएस पुरस्कारों को चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित एक राज्य स्तरीय समारोह में दिया गया, जिसमें कुल 28 अधिकारियों एवं वालंटियर्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में बीटेक कंप्यूटर इंजीनियरिंग के छात्र नीतीश चैरसिया विश्वविद्यालय की एनएसएस विंग में वर्ष 2019 से 22 तक वालंटियर रहे तथा जयपुर, राजस्थान में आयोजित प्री-गणतंत्र दिवस परेड कैम्प 2021 में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया था।



*नीतीश चैरसिया।*

**NEWS CLIPPING:29.09.2023**

# PUNJAB KESARI

# जेसी बोस वि.वि. में वेब-आधारित अनुसंधान सूचना और आरएफआईडी प्रणाली की शुरुआत

## नई प्रौद्योगिकी के साथ अनुसंधान एवं पुस्तकालय सेवाओं को किया गया मजबूत

फरीदाबाद, 28 सितम्बर (पूजा): जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने नई प्रौद्योगिकी के साथ वेब-आधारित अनुसंधान सूचना प्रणाली (आईआरआईएनएस) तथा पुस्तक सूची नियंत्रण एवं प्रबंधन के लिए बुक ड्रॉप बॉक्स सुविधा के साथ रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान (आरएफआईडी) प्रणाली लागू करके अनुसंधान और पुस्तकालय सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल (आईक्यूएसी) के तत्वावधान में विश्वविद्यालय के पंडित दीन दयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय तथा अनुसंधान एवं विकास अनुभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में इन नई ई-सुविधाओं का अनावरण किया गया।



*वेब-आधारित अनुसंधान सूचना प्रणाली का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. सुशील तोमर और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा।*

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा भी मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुस्तकालय अध्यक्ष प्रो. विकास तुर्क, निदेशक (आरएंडडी) डॉ. मनीषा गर्ग और डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. पी.एन. बाजपेयी भी उपस्थित थे। सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क (इन्फ्लिबनेट) के सहयोग से विकसित आईआरआईएनएस प्लेटफॉर्म की शुरूआत विश्वविद्यालय की अनुसंधान क्षमताओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अत्याधुनिक प्रणाली शिक्षकों को अपने शोध योगदान को पॉवर समूह के सामने प्रदर्शित करने तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समक्ष उजागर करने की सुविधा प्रदान करेगी, जिससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से शोध के लिए धन अर्जित करने के अवसर बढ़ेंगे। यह शोधार्थियों को संबंधित क्षेत्र में उनके शोध के लिए मार्गदर्शक ढूंढने में सहायता प्रदान कर सकता है। यह पोर्टल विश्वविद्यालय स्तर, विभाग स्तर और व्यक्तिगत स्तर पर शिक्षकों के अनुसंधान योगदान को प्रदर्शित कर सकता है। इसकी सहायता से नैक तथा एनआईआईएफ के लिए उपयोगी डेटा प्राप्त करने में आईक्यूएसी तथा आरएंडडी अनुभाग को मदद मिलेगी।

इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में शैक्षणिक संस्थानों के लिए अपने छात्रों और शिक्षकों के लाभ के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। आईआरआईएनएस और आरएफआईडी प्रणाली की शुरूआत विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली अनुसंधान और पुस्तकालय सेवाओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. संजीव शर्मा ने शिक्षा और अनुसंधान की बेहतरी के लिए नवीन प्रौद्योगिकी को अपनाने में विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये प्रगति अकादमिक क्षेत्र के उभरते परिदृश्य के अनुरूप है और निस्संदेह छात्रों, शोधकर्ताओं और शिक्षकों को उनकी गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाएगी। इस दिशा में विश्वविद्यालय ने सराहनीय पहल की है। इस अवसर पर डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. पी.एन. बाजपेयी ने विश्वविद्यालय पुस्तकालय के व्यापक संग्रह के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में 86000 से अधिक प्रिंटेड पुस्तकें, 7400 से अधिक ई-पुस्तक शीर्षक और प्रतिष्ठित प्रकाशकों के 3,500 उच्च-गुणवत्ता वाले ई-जर्नल्स का एक्सेस उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, पुस्तकालय में प्रेस रीडर प्लेटफार्म भी उपलब्ध है जो पाठकों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं और समाचार पत्रों के विशाल भंडार तक पहुंच प्रदान करता है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मनीषा गर्ग ने विश्वविद्यालय की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:29.09.2023**

# HINDUSTAN



# लाइब्रेरी में किताबों का रिकॉर्ड रखना सरल होगा

- जेसी बोस की लाइब्रेरी में आरएफआईडी लागू
- सभी किताबों पर क्यूआर कोड लगाए जाएंगे

फरीदाबाद, संवाददाता। जेसी बोस विश्वविद्यालय ने नई प्रौद्योगिकी के साथ वेब-आधारित अनुसंधान सूचना प्रणाली (आईआरआईएनएस) लागू की है। इसके साथ ही पुस्तक सूची नियंत्रण एवं प्रबंधन के लिए बुक ड्रॉप बॉक्स सुविधा के साथ रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान (आरएफआईडी) प्रणाली लागू करके अनुसंधान और पुस्तकालय सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

विश्वविद्यालय के पंडित दीन दयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय तथा अनुसंधान एवं विकास अनुभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में इन नई ई-सुविधाओं का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा भी मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. तोमर ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में शैक्षणिक संस्थानों के लिए अपने छात्रों और शिक्षकों के लाभ के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। इसकी शुरूआत विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली अनुसंधान और पुस्तकालय सेवाओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**NEWS CLIPPING:29.09.2023**

# AMAR UJALA

# जेसी बोस में वेब-आधारित अनुसंधान सूचना प्रणाली की शुरुआत

## कुलपति ने नई ई-सुविधाओं का अनावरण किया

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बुक ड्रॉप बॉक्स सुविधा के साथ रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान (आरएफआईडी) प्रणाली लागू करके अनुसंधान और पुस्तकालय सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल (आईक्यूएसी) के तत्वावधान में विश्वविद्यालय के पंडित दीन दयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय में नई ई-सुविधाओं का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा भी मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। पोर्टल विश्वविद्यालय स्तर, विभाग स्तर और व्यक्तिगत स्तर पर शिक्षकों के अनुसंधान योगदान को प्रदर्शित कर सकता है। इसकी सहायता से नैक तथा एनआईआईएफ के लिए उपयोगी डेटा प्राप्त करने में आईक्यूएसी तथा आरएंडडी अनुभाग को मदद मिलेगी। कुलपति प्रो. तोमर ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में शैक्षणिक संस्थानों के लिए अपने छात्रों और शिक्षकों के लाभ के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। डॉ. संजीव शर्मा ने शिक्षा और अनुसंधान की बेहतरी के लिए नवीन प्रौद्योगिकी को अपनाने में विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। संवाद

**NEWS CLIPPING:29.09.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## शिविर में कराई सेहत की जांच

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने सर्वोदय अस्पताल के साथ कैंपस में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस दौरान छात्रों को मौसमी बीमारियों के साथ अन्य बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए गए। शिविर में 150 से अधिक छात्रों व कर्मचारियों ने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस दौरान डॉक्टरों की टीम ने ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर व ईसीजी की जांच की। डॉक्टरों की टीम में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.दीपक उपाध्याय, डॉ.सपना शामिल रहे। कुलपति प्रफेसर एसके तोमर ने शिविर के आयोजन के लिए स्टाफ को बधाई दी।

**NEWS CLIPPING:29.09.2023**

# HINDUSTAN

# नीतीश राज्यस्तरीय पुरस्कार से सम्मानित

फरीदाबाद। जेसी बोस विश्वविद्यालय के एनएसएस वालंटियर नीतीश चौरसिया को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2020-21 एवं 2021-22 के लिए घोषित एनएसएस पुरस्कारों को चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित एक राज्य स्तरीय समारोह में दिया गया।

हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन मुख्य अतिथि रहे। विश्वविद्यालय में कंप्यूटर इंजीनियरिंग के छात्र नीतीश विश्वविद्यालय की एनएसएस विंग में वर्ष 2019 से 22 तक वालंटियर रहे तथा जयपुर, राजस्थान में आयोजित प्री-गणतंत्र दिवस परेड कैंप 2021 में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया था।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:29.09.2023**

## HADOTI ADHIKAR

# नीतीश को मिला राज्य स्तरीय सेवा पुरस्कार

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के एनएसएस वालंटियर नीतीश चौरसिया को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा पुरस्कार 2020-21 से सम्मानित किया गया है। हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2020-21 एवं 2021- 22 के लिए घोषित एनएसएस पुरस्कारों को चैधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित एक राज्य स्तरीय समारोह में दिया गया, जिसमें कुल 28 अधिकारियों एवं वालंटियर्स को को सम्मानित किया गया।

**NEWS CLIPPING:29.09.2023**

# PIONEER

# वाईएमसीए के वालंटियर नीतीश चौरसिया को मिला राज्य पुरस्कार

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के एनएसएस वालंटियर नीतीश चौरसिया को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा पुरस्कार 2020-21 से सम्मानित किया गया है। हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2020-21 एवं 2021- 22 के लिए घोषित एनएसएस पुरस्कारों को चैधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित एक राज्य स्तरीय समारोह में दिया गया। जिसमें कुल 28 अधिकारियों एवं वालंटियर्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे।

जेसी बोस विश्वविद्यालय में बीटेक कंप्यूटर इंजीनियरिंग के छात्र नीतीश चौरसिया विश्वविद्यालय की एनएसएस विंग में वर्ष 2019 से 22 तक वालंटियर रहे तथा जयपुर, राजस्थान में आयोजित प्री-गणतंत्र दिवस परेड कैंप 2021 में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया था। समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए नीतीश को विश्वविद्यालय द्वारा उत्कृष्ट उपलब्धि पुरस्कार 2020-21 तथा 2021-22 से भी सम्मानित किया जा चुका है।

विश्वविद्यालय एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने नीतिश को पुरस्कार के लिए शुभकामनाएं दी हैं। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक आत्माराम ने कहा कि यह पुरस्कार राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर्स के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेगा तथा भविष्य में उन्हें समाज के लिए और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई की जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों जैसे पोलियो अभियान, स्वच्छता अभियान, जागरूकता अभियान, विभिन्न सामाजिक विषयों पर जागरूकता अभियान, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में भागीदारी रहती है।